एमबीए के एवरेज पैकेज में 8% का हुआ इजाफा

रांची| आईआईएम रांची में शैक्षणिक सत्र 2022-23 के लिए फाइनल और समर प्लेसमेंट पूरा कर लिया गया हैं। जिसमें छात्रों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष कंपनियों में चयनित हुए हैं। पिछले साल की तुलना में एमबीए व एमबीए एचआर के औसत पैकेज में इजाफा हुआ है। जिसमें एमबीए के औसत पैकेज में 8 प्रतिशत से ज्यादा व एमबीए एचआर में 6 प्रतिशत से ज्यादा का इजाफा हुआ है। वहीं एमबीए-बीए (बिजनेस एनालिटिक्स) प्रोग्राम का पहला बैच दिसंबर 2022 के तीसरे सप्ताह में ही सौ फीसदी प्लेसमेंट हासिल कर चुका है। संस्थान के डायरेक्टर प्रो. दीपक कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि छात्रों ने अपने उत्कृष्टता को साबित करते हुए बेहतरीन जॉब ऑफर प्राप्त किए हैं। उन्होंने रिक्रूटर्स का भी आभार जताया।

Dhanik Bhaskar, 15.02.2023, Pg. 03